# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- आज राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंजीनियरों को राष्ट्र निर्माण का कर्मयोगी बताया।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।
- हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा - राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वाहन के नंबर प्लेट की पहचान करने वाले ऑटोमेटेड कैमरे लगाए जाएंगे।
- किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना से जल वितरण को लेकर आज छह राज्यों के बीच एतिहासिक समझौता हस्ताक्षर किया गया- हरियाणा को 836 क्यूसेक पानी मिलेगा।
- राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा- सेवा संकल्प के दौरान विभिन्न सामाजिक, जनकल्याणकारी और सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

--------------------------

आज राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल 15 सितंबर को महान इंजीनीयर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर मनाया जाता है ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज डॉक्टर विश्वेश्वरैया की जयंती पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इंजीनियरों को राष्ट्र निर्माण का कर्मयोगी

बताया। श्री मोदी ने कहा कि एम.विश्वेश्वरैया की राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना नागरिकों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

*महान इंजीनियर्स की हमारी विरासत में एक ऐसा रत्न भी हमें मिला, जिसके कार्य आज भी लोगों को अचंभित कर रहे हैं और वे थे भारत रत्न डॉ. एम. विश्वेश्वरैया उन्हीं की याद में 15 सितंबर को इंजीनियर डे के रूप में मनाया जाता है। उनके पदचिन्होंं पर चलते हुए हमारे देश के इंजीनियर पूरे विश्व में अपने अलग पहचान बन चुके हैं। मैं इस अवसर पर सभी इंजीनियरों को उनकी निर्माण शक्ति को आदर पूर्वक नमन करता हूं।*

उपराष्ट्रशपति सी.पी. राधाकृष्णउन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने भी एम. विश्वेश्वरैया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

--------------------------

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मटनिर्भरता सुनिश्चात करने के लिए महत्व पूर्ण कदम उठा रही है। श्री सिंह ने नई दिल्ली में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन उद्योग सहभागिता सम्मेलन, 'विमर्श 2026' को संबोधित करते हुए यह बात कही।

*अभी पिछले कुछ वर्षों में हमने डिफेंस सेक्ट र में जो रिर्फोम देखे हैं, मैं कह सकता कि वो अनप्रसडेंटिड है। हमारे प्रधानमंत्री के विजन और लीडरशिप में हमने कई गेम चेंजिंग फैसले लिये हैं, चाहे वो पॉजिटिव इनडिजेशनलाइज लिस्ट हो, मेक इन इंडिया इनिसेटिव हो, आई डेक्सह हो, अडिटी हो या फिर डिफेंस*

*रिसर्च डवलपमेंट बजट का 25 परसेंट प्राइवेट सेक्टईर के लिए एलोकेशन का फैसला हो।*

श्री सिंह ने कहा कि डीआरडीओ तथा उद्योग के बीच साझेदारी भारत को रक्षा विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

*डीडीएफ के माध्यम से स्टार्टअप को ग्रांट्स दिए जा रहे हैं और अनेक टेक्नोलॉजी प्रोडक्शन स्टेज तक पहुंच चुकी है। आईडेक्सो ने भी डिफेंस इनोवेशन के लिए एक नया इकोसिस्टम भी तैयार किया है। यहां स्टार्टअप हमारी वास्तविक ऑपरेशनल रिक्वायरमेंट के आधार पर सॉल्यूशन विकसित कर रहे हैं और डीआरडीओ और इंडस्ट्रील की पार्टनरशिप केवल प्रोडशन तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए।रिसर्च, डिजाइन, टेस्टिंग सर्टिफिकेशन और मैन्युफैक्चरिंग की पूरी वैल्यू चेन में साझेदारी हमें बढ़ानी होगी।*

----------------------

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा नंबर प्लेट की पहचान करने वाले ऑटोमेटेड -एएनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण में प्रमुख जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और झज्जर में कुल 775 कैमरे लगाए जाएंगे, जिन पर लगभग 41 करोड़ 74 लाख रुपये की राशि खर्च होगी।

श्री विज ने बताया कि इस को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि एनसीआर के इन प्रमुख जिलों में जीवन-अवधि पूर्ण कर चुके वाहनों की पहचान तथा पर्यावरणीय मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए एएनपीआर कैमरे लगाने की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहनों की पहचान की प्रक्रिया के अधिक प्रभावी और व्यवस्थित होने से इस क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

--------------------------

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर टोंस नदी पर प्रस्तावित किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना से जल वितरण को लेकर आज छह राज्यों के बीच एतिहासिक समझौता हस्ताक्षर किया गया।

समझौते पर नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड सहित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। करीब 15,000 करोड़ रुपये की परियोजना के पूरा होने पर हरियाणा को 836 क्यूसेक पानी मिलेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हरियाणा के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण है।

--------------------------

आज हरियाणा के विभिन्न मंत्रियों और सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल और राष्ट्र निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा को समर्पित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने हिसार में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कैथल में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि 17 सितंबर से एक माह तक पूरे प्रदेश में चलने वाले इस अभियान में 'जन सेवा ही प्रभु सेवा' की भावना के साथ विभिन्न सामाजिक, जनकल्याणकारी और सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया 'मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा' के तहत स्कूलों में भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' के माध्यम से प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और विकास कार्यों को नुक्कड़ नाटकों के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो अक्तूबर को महात्मा गांधी जयंती पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने अम्बाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया और कहा कि सेवा संकल्प अभियान में प्रदेश सरकार और भाजपा आमजन के साथ तालमेल कर सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। सेवा की कहानी कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

-------------------------

भारत का राष्ट्रीय लोक सेवा प्रसारक, दूरदर्शन आज अपना 67वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस लोक सेवा प्रसारक की शुरुआत 1959 में आकाशवाणी के अन्तर्गत एक प्रायोगिक टेलीविजन सेवा के तौर पर हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने इसी दिन दूरदर्शन के पहले प्रसारण का उद्‌घाटन किया था। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दूरदर्शन अपनी कई बेहतरीन सेवाओं जैसे

सैटेलाइट और डायरेक्ट-टू-होम सर्विस के ज़रिए शत प्रतिशत आबादी तक पहुँचने वाला माध्यम है।

--------------------------

नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालयों मे 2027 – 28 सत्र के लिए नौवीं व ग्यारवीं कक्षा मे दाखिले के लिए अधिसूचना जारी कर दी है । इच्छुक अभियर्थी दोनों कक्षाओं की अधिकारिक वेबसाईट पर जा कर 30 सितम्बर तक अनलाइन आवेदन कर सकते है । दाखिले के लिए परीक्षा 10 अप्रैल को ली जाएगी ।

-------------------------